क्रमांक-4

# मध्यप्रदेश विधान सभा

## संक्षिप्त कार्य विवरण (पत्रक भाग-एक)

**गुरुवार, दिनांक 25 फरवरी, 2010 (फाल्गुन 6, 1931)**

**विधान सभा पूर्वाह्न 10.33 बजे समवेत हुई.**

**अध्यक्ष महोदय (श्री ईश्वरदास रोहाणी) पीठासीन हुए.**

### 1. भारत के सुप्रसिद्ध क्रिकेट खिलाड़ी श्री सचिन तेंदुलकर को बधाई एवं शुभकामनाएं

मुख्यमंत्री, श्री शिवराज सिंह चौहान, नेता प्रतिपक्ष श्रीमती जमुना देवी, नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री बाबूलाल गौर तथा सदस्य श्री आरिफ अकील ने ग्वालियर में भारत-दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीमों के मध्य कल खेले गये एक दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय मैच में श्री सचिन तेंदुलकर द्वारा दोहरा शतक (नाबाद) तथा विश्व में सर्वाधिक स्कोर बनाने पर बधाई दी तथा उन्हें मध्यप्रदेश बुलाकर सम्मान करने हेतु सुझाव दिया गया. अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन की ओर से श्री सचिन तेंदुलकर द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर अभिनंदन किया गया तथा बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गई.

### 2. वर्ष 2010-2011 के आय-व्ययक का उपस्थापन

श्री राघव जी, वित्त मंत्री ने राज्यपाल महोदय के निर्देशानुसार, वर्ष 2010-2011 के आय-व्ययक का उपस्थापन किया।

वित्त मंत्री के भाषण के पश्चात्, अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन को सूचित किया गया कि आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा के लिए दिनांक 26 फरवरी तथा 8 मार्च, 2010 तक का समय नियत किया गया है। आय-व्ययक में सम्मिलित मांगों पर प्रस्तुत किये जाने वाले कटौती प्रस्तावों की सूचनाएं निर्धारित प्रपत्र में आज दिनांक 25 फरवरी, 2010 को सायं 5.00 बजे तक विधान सभा सचिवालय में देने का समय नियत किया गया है।

अपरान्ह 12.03 बजे विधानसभा की कार्यवाही शुक्रवार, दिनांक 26 फरवरी, 2010 (फाल्गुन 7, 1931) के पूर्वान्ह 10.30 बजे तक के लिए स्थगित की गई।

**डॉ. ए.के.पयासी**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा.**

**भोपाल :**
**दिनांक : 25 फरवरी, 2010**